कहुँ कहुँ सरिता तीर उदासी। बसहिं ग्यान रत मुनि संन्यासी।।
साधक सिद्ध बिमुक्त उदासी। कबि कोबिद कृतग्य संन्यासी।।
( मानस संन्यास। रामकथा 922 - काठमांडु, नेपाल। मोरारी बापू )

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 55 | इंदौर, गुरुवार 31 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. रक्षा बंधन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंधवाई राखी तो बच्चियों का खिला चेहरा, सामने आया वीडियो
2. Supreme Court: 'जम्मू-कश्मीर में जल्द हो सकते हैं चुनाव', अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान केंद्र ने दिया भरोसा
3. Delhi: लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का बड़ा दांव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए अरविंदर सिंह लवली
4. वकील का कत्ल: सुबह... धमकी-तेरा रक्षाबंधन बिगाड़ दूंगा, दोपहर में हत्या, CCTV देख बहन बोली- मेरा पति है कातिल
5. NDIA Mumbai Meet : मुंबई में 'इंडिया' की दो दिवसीय बैठक, 28 दल होंगे शामिल, इन मुद्दों पर लग सकती है मुहर
6. Karnataka: कावेरी जल विवाद को लेकर मांड्या में किसानों ने पूरी रात विरोध-प्रदर्शन किया
7. Cancer: दुनिया में पहली बार सात मिनट में मिलेगा कैंसर उपचार, इस देश में तीन-चौथाई तक घट जाएगा इलाज का समय

## इंदौर की जमीन पर उतरे

# मेट्रो ट्रेन के कोच



### इसी माह होना है ट्रायल रन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में मेट्रो ट्रेन का इंतजार खत्म जल्द खत्म होने जा रहा है। बुधवार देर रात मेट्रो के कोच गांधीनगर स्थित मेट्रो डिपो पर पहुंचा। गुरुवार सुबह नौ बजे कोच कंटेनर से उतारकर प्लेटफ़ार्म ट्रैक पर रखा गया। कोच बुधवार रात तीन बजे इंदौर के मेट्रो डिपो में पहुंचा था। इंदौर में मेट्रो का सपना साकार होने की दिशा में आज एक और उपलब्धि मिली। मेट्रो के कोच आज इंदौर की जमीन पर उतरे। मेट्रो का ट्रायल रन सितंबर माह में प्रस्तावित है।

वडोदरा के सावली से 23 अगस्त को इंदौर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 156 से होकर आ रहे कोच बुधवार शाम 4 बजे तक बेटमा पहुंचे थे। उसके बाद बुधवार देर रात मेट्रो के तीनों कोच इंदौर में गांधी नगर डिपो में कंटेनर पर पहुंचे। कंटेनर से सडक़ मार्ग से इंदौर पहुंचे तीनों मेट्रो कोच 60-60 टन वजन के है।

गुरुवार सुबह मेट्रो के कोच को कंटेनर से उतारे जाने के पश्चात शहर में चलने वाली मेट्रो का असली स्वरूप स्वरूप पहली बार शहरवासी देख सकेंगे। मेट्रो कोच के अनलोडिंग मौके को खास बनाने के लिए मेट्रो प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारी की गई थी।

इस मौके पर शहर के जनप्रतिनिधि और अन्य कोई खास लोग भी आयोजन में शामिल होंगे। ऐसे में यहां पर खास टेंट मंच और कुर्सियां मेट्रो ट्रैक के निकले हिस्से में बने डक्ट के नीचे लगाई गई है। इस मौके पर सासंद शंकर लालवानी ने नारियल फोडक़र मेट्रो को अनलोडिंग का काम शुरू किया गया।

मेट्रो प्रबंधन के अधिकारियों के मुताबिक, मेट्रो डिपो में विशालकाय 'फोर पाइंट जेक' क्रेन की मदद से कोच को कंटेनर से उतारकर पटरी पर पहुंचाया गया। इसके बाद कोच को मेट्रो के डिपो में बने स्टेब्लिंग यार्ड में ले जाकर टेस्टिंग ट्रेक पर जांच की गई। उसके पश्चात कोच को मेट्रो के वायडक्ट में पहुंचाया गया। इसी तरह अन्य दो और कोचों को भी उतारकर ट्रैक पर चलाकर टेस्टिंग ट्रेक पर जांच की गई।

गौरतलब है कि 14 सितंबर को इंदौर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के हाथों मेट्रो कोच का ट्रायन रन होना है। ये कोच गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारीडोर स्टेशन नंबर 3 तक 5.9 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस दौरान मेट्रो कोच पांच स्टेशन से गुजरेंगे।



# गंदे पानी की समस्या के समाधान के लिए दो दिन बाद शुरू होगा काम

## सुधारेंगे लाइन, 15 दिन लगेंगे काम होने में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वल्लभनगर और उसके आसपास के क्षेत्र में नल से गंदे पानी के आने की समस्या के समाधान के लिए दो दिन बाद काम शुरू किया जाएगा। जी एस आई टी एस कॉलेज के सामने लाइन को सुधारा जाएगा। इस काम को होने में 15 दिन का वक्त लगेगा। इस क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई से बड़ी संख्या में बच्चे बीमार हो गए हैं।**

◆ गंदे पानी के सप्लाई से बड़ी संख्या में बच्चे बीमार

वल्लभनगर वार्ड क्रमांक 47 में लगातार आ रही गंदे पानी की शिकायत को लेकर विधायक महेंद्र हंडिया, एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया, डिप्टी कमिश्नर सिद्धार्थ जैन, सुनील गुप्ता, जीडी सुतार, जल यंत्रालय के साथ ड्रेनेज की पूरी टीम ने क्षेत्र का दौरा किया। वल्लभनगर के सभी रहवासी भी इस दौर में मौजूद थे। इस दौरान जल्द से जल्द साफ पानी की व्यवस्था करने की निर्देश दिए गए। पार्षद पहाड़िया ने बताया कि पूरे वार्ड में वाल्मीकि बस्ती, 56 दुकान, यशवंत निवास रोड, 9 नंबर जोन के सामने सभी दूर लगातार गंदे पानी की शिकायत आ रही थी।

ध्यान रहे कि 50 साल पहले से ड्रेनेज लाइन वल्लभनगर में डली है। जिसके चैंबर अंदर से ध्वस्त होते जा रहे हैं। उन्हें भी दुरुस्त करने का तत्काल आदेश दिया गया। इसके साथ ही गोविंद राम सकसेडिया इंजीनियरिंग कॉलेज के पास में एक बड़ा फॉल्ट है। इस परत को सुधारने का काम राखी के दो दिन बाद शुरू किया जाएगा। इस काम को करने में 15 दिन का वक्त लगेगा। इस काम के हो जाने के बाद क्षेत्र से गंदे पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी।

## मध्यप्रदेश मेवाती समाज ने पहली बार अपने समाज का प्रदेश अध्यक्ष चुना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समाज की तरक्की के लिए मेव बिरादरी ने सामाजिक जागरूकता का आयोजन किया। मध्यप्रदेश के जिला शाजापुर के मक्सी शहर में मेव पंचायत मक्सी और मेवाती पंचान शिक्षा विकास समिति इंदौर की मेजबानी में मध्यप्रदेश मेव बिरादरी का मेव ताआरुफी (परिचय) कांफ्रेंस संपन्न हुई ,जिसमें मध्यप्रदेश से शादी के लायक तकरीबन 150 बच्चे- बच्चियों के बायोडाटा के साथ मैगजीन द मेव बांड - रिश्तों की डोर का विमोचन हुआ। मेव बिरादरी के अध्यक्ष के लिए मध्य प्रदेश के सभी संभागों से आए मेव बिरादरी के लोगों ने सर्वसम्मति से सोनगिरी मंदसौर के होटल सवेरा के संचालक असगर मेव को मध्यप्रदेश मेव बिरादरी का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन हुकुमसिंह कराड़ा और तराना विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश परमार ने शिरकत की। प्रदेश अध्यक्ष की दावेदारी के लिए जावरा के मुबीन मेव, बालसमंद के मेहरुद्दीन मेव, भोपाल के मोहम्मद जहीर मेव और सोनगिरि मंदसौर से असगर मेव (सवेरा होटल) के नाम भी आये थे। मेव बिरादरी की आम सहमति से चुनाव समिति के दादा शौकत हुसैन मेव को संयोजक के रूप में चुना गया।

## सिद्धि तप-तपस्वी, 18 उपवास तपस्वी का भव्य वरघोड़ा निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्री राजेंद्र आराधना भवन राजेंद्र उपाश्रय, जूनी कसेरा बाखल पर सिद्धितप एवं 18 उपवास के तपस्वीयों का वरघोड़ा और बहुमान का आयोजन किया गया। साध्वी विज्ञानलता, साध्वी राजयशा ,साध्वी संवरलता, साध्वी शीलरेखा आदि ठाणा 3 एवं पीपली बाजार से पूज्य साध्वी मीतवृता ने आयोजन में निश्रा प्रदान की।**

वरघोड़ा राजेंद्र उपाश्रय से प्रारम्भ होकर पीपली बाजार, सराफा, शकर बाजार होते हुवे श्री राजेंद्र आराधना भवन पंहुचा। यहाँ पर सभी साध्वी भगवंत ने प्रवचन में तप की महिमा और तप क्यों विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सिद्धि तप के तपस्वी श्रीमती अंगुरुबाला मेहता, प्रीति गिरिया, सुलभा संघवी, अनिता कापड़िया, निखर जैन, प्रखर जैन आदि का अभिनंदन किया गया। यह जानकारी राजेंद्र उपाश्रय इंदौर के सचिव अनिल सकलेचा, संघ अध्यक्ष नरेंद्र राणापुर वाला एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष महेंद्र बागवाला ने दी।

# रबी सीजन में मालवा-निमाड़ की बिजली मांग 7 हजार मैगावाट तक पहुंचेगी

### बिजली कंपनी कर रही प्रभावी तैयारी, कृषि फीडरों का मैंटेनेंस एवं ट्रांसफार्मरों का स्टॉक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी रबी सीजन की प्रभावी तैयारी कर रही हैं। सभी 15 जिलों में एक ओर जहां कृषि फीडरों एवं संबंधित ग्रिडों का मैंटेनेंस क्रमबद्ध किया जा रहा है, वहीं लगभग 16000 ट्रांसफार्मरों का भी स्टॉक निर्धारित किया गया हैं। इस बार रबी सीजन में अधिकतम मांग 7000 मैगावाट के करीब पहुंचेगी।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि रबी का सीजन प्रायः सितंबर से प्रारंभ होता है। इसी के तैयारी मुख्यालय के अलावा, रीजन, जिलों में की जा रही है। श्री तोमर ने बताया कि पिछले सीजन में अधिकतम मांग 6800 मैगावाट तक पहुंची थी, इस वर्ष मांग 7000 मैगावाट के करीब पहुंचने के मद्देनजर विस्तृत तैयारी की जा रही हैं। श्री तोमर ने बताया कि ग्रिड, लाइनों के मैंटेनेंस के साथ ही ट्रांसफार्मर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। रबी सीजन के लिए इस वर्ष ट्रांसफार्मरों का 16 हजार की संख्या में स्टॉक रखा गया हैं। रबी सीजन के लिए प्रत्येक जिले में स्थाई, अस्थाई ट्रांसफार्मर डिपो क्रियाशील रहेगा। श्री तोमर ने बताया कि मालवा निमाड़ में सिंचाई करने वाले किसानों की संख्या साढ़े तेरह लाख है। इन सभी को प्रतिदिन दस घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। श्री तोमर ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में इंदौर, धार, रतलाम, खरगोन, उज्जैन, मंदसौर, देवास जिले में सिंचाई करने वालों की संख्या 90 हजार से लेकर 1.60 लाख तक हैं। अन्य जिलों में 35 हजार से लेकर 85 हजार सिंचाई करने वाले किसान हैं।

**रबी सीजन में पिछले वर्षों की मांग**

| | |
|---|---|
| 2022-23 | 6800 मैगावाट |
| 2021-22 | 6300 मैगावाट |
| 2020-21 | 6100 मैगावाट |
| 2019-20 | 5800 मैगावाट |

## मंग्लेश्वर महादेव का केदारनाथ स्वरुप में श्रृंगार

### महाआरती में रहवासी शामिल हुए

**इंदौर।** श्रावण के अंतिम सोमवार बाबा मंगलेश्वर महादेव मंदिर मंगल श्री अपार्टमेंट तिलक नगर में बाबा का केदारनाथ स्वरूप में अद्भुत आलौकिक श्रंगार पंडित उमाशंकर चतुर्वेदी व अंशुल चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान भक्तों ने महाआरती और बाबा केदारनाथ के शृंगार दर्शन कर बाबा को भोग प्रसाद फलाहारी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। महाआरती में मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्षद व एम आई सी मेंबर राजेश उदावत, भाजपा नेता शैलेंद्र महाजन,शीतल थोरथ,मंगलश्री अपार्टमेंट के रहवासी संघ के मनोज अग्रवाल,श्याम अग्रवाल,श्रीवास्तव,विवेक थोरात,सीमा अग्रवाल,राघव श्रीवास्तव,बीना श्रीवास्तव तिलक नगर क्षेत्र के भक्त मुख्य रूप से मौजूद थे।

कटाक्ष




## अ.भा. क्षत्रिय महासभा का अधिवेशन ...

# देश के 15 राज्यों के 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में पहली बार 2 एवं 3 सितम्बर को माणिकबाग रोड स्थित मथुरा महल पर हो रहे अ.भा. क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में 15 राज्यों के लगभग 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें देश की अनेक पूर्व रियासतों के राजे-महाराजे, राजकुमार एवं सांसद तथा पूर्व सांसद भी हैं। अधिवेशन की तैयारियों को लेकर महासभा की संभागीय, जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारियों की बैठक आज मथुरा महल पर संपन्न हुई, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह भी तय किया गया कि इंदौर आने वाले सभी प्रतिनिधि 2 सितम्बर को पहले महूनाका चौराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर और उसके बाद अहिल्या प्रतिमा पहुंचकर माल्यार्पण करने के बाद राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में शामिल होंगे।

महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा. विजयसिंह परिहार, राजेन्द्रसिंह सोलंकी, भीमसिंह ठाकुर, महामंत्री अनिलसिंह चंदेल एवं प्रदेशाध्यक्ष रामवीरसिंह सिकरवार तथा युवा इकाई के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्रसिंह राजपूत ने बताया कि बैठक में अधिवेशन और उसके पूर्व होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार 2 सितम्बर को सुबह देशभर से आने वाले प्रतिनिधि पहले जुलूस के रूप में ढोल- नगाड़ों और शहनाईयो की सुर लहरियों के बीच माणिकबाग रोड स्थित मथुरा महल से महूनाका चौराहा पहुंचेंगे और महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद यह जुलूस राजबाड़ा पहुंचकर देवी अहिल्या की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करेगा और राजबाड़ा का अवलोकन भी करेगा।

## राखी पर मातृ शक्ति ने दिया पेड़ों की रक्षा का वचन


**इंदौर**। रक्षा बंधन पर विष्णुपुरी कॉलोनी में पेड़ों को बचाने का जिम्मा विष्णुपुरी बाल महिला एवम सांस्कृतिक समिति ने उठाया और राखी के मौके पर पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांध कर ताउम्र पेड़ों की रक्षा करने का वचन दिया। दरअसल विष्णुपुरी मेन में स्थित अहिल्या उद्यान पर कुछ लोग व निजी स्कूल संचालक कॉलोनाइजर के साथ मिलकर कब्जा करना चाहते हैं और वहां बहुतायत में लगे हरे भरे पेड़ों को काटने की कोशिश में हैं। विष्णुपुरी रहवासी संघ अहिल्या गार्डन पर कब्जे का विरोध कर रहा है और इसे लेकर महापौर,निगमायुक्त,मुख्य सचिव व कलेक्टर को भी शिकायत कर चुका है।

## इंदौर के खजराना गणेश के लिए बनी विश्व की सबसे बड़ी

# 101 किलो की राखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रक्षाबंधन पर इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में भगवान गणेश के लिए विश्व की सबसे बड़ी राखी बनाई गई। दावा है कि यह कुल 144 वर्गफीट यानी 12X12 वर्ग फीट की है। रक्षाबंधन के मौके पर भगवान को राखी अर्पित की जाएगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में शहरवासी भी मौजूद रहेंगे। 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड' टीम' भी दुनिया की सबसे बड़ी राखी को प्रमाणित करने के लिए यहां पहुंचेगी। वह जल्द ही इसका सर्टिफिकेट जारी करेगी।



### सातवीं बार समिति ने बनाई आकर्षक राखी

संस्थापक राजेश बिड़कर व राहुल शर्मा ने बताया समिति द्वारा सातवीं बार इस तरह की राखी का निर्माण किया गया है। इस विशाल राखी का निर्माण इंदौर श्री गणेश भक्त समिति द्वारा किया गया है। राखी को चार स्थानीय कलाकारों ने 15 दिन में बनाया है। समिति ने सबसे पहले 7X7 की राखी का निर्माण कर खजराना गणेश मंदिर को अर्पित की थी। फिर हर साल इसका साइज क्रमशः एक-एक फीट बढ़ाते गए। इसे लोडिंग में रखकर मंदिर तक लाया गया और कैंपस में इसे असैम्बल किया गया।

### राखी की खास बातें

कलाकार विजय धीमान ने बताया कि 12x12 वर्ग फीट की इस राखी को बनाने के लिए आयरन की रिंग का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही गणेशजी की पूजन सामग्री, जूट, फोम, वैल्वेट, गोटा, एम्ब्रायडरी लेस, सवा पांच मीटर लंबा मोटा रेशमी कपड़ा, प्रोफाइल, फेविकोल, प्लास्टिक की बॉल, चमक, कुंदन, कलर एवं गोल्डन रेशम की डोरी आदि का उपयोग किया गया है। ऐसे ही थर्मोकोल से अष्ट विनायक की मूर्तियों निर्माण कर खूबसूरत रूप दिया गया है। 101 किलो वजनी इस राखी की विशेषता यह है कि यह पूरी तरह से असैम्बल्ड हो जाती है।

## 200 से अधिक साधकों ने धारण किए नए यज्ञोपवीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावणी उपाकर्म अनुष्ठान में आज महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में 200 से अधिक साधकों ने भाग लेकर आचार्य पं. विनायक पांडे के निर्देशन में नए यज्ञोपवीत धारण किए। परशुराम महासभा, परशुराम सेना एवं हंसदास मंठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अनुष्ठान में हंसदास मठ संस्कृत विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों ने भी भाग लिया। मठ के पं. पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर परशुराम महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, कैलाश गोलाना, अनूप शुक्ला, दीपक शुक्ला, राजेश दुबे, पं. लीलाधर शर्मा, पं. कैलाश पाराशर, पं. आदित्य पाराशर आदि ने अपने साथियों सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक स्नान के बाद साधकों ने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में प्रयश्चित, तर्पण, सप्तऋषि पूजन तथा हेमाद्रि संकल्प आदि शास्त्रोक्त विधियों का पालन करते हुए तीर्थ स्थलों, नदियों और सूर्यदेवता की प्रार्थना के बाद दशविध स्नान, ध्यान संध्या, सूर्य उपासना के बाद नए यज्ञोपवीत धारण किए।



# विंध्याचल पर्वत को चीरकर बन रही हैं 6 सुरंग

## भोपाल के पास घाट सेक्शन में 80 किमी की स्पीड से दौड़ेंगी ट्रेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश में भारतीय रेलवे ने इतिहास रच दिया है। नर्मदापुरम में बुधनी से बरखेड़ा के बीच 26.50 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का काम अंतिम चरण में है। यह ट्रैक रातापानी अभयारण्य से होकर गुजरता है। रेलवे ने यहां विंध्याचल पर्वत को काटकर 6 टनल बनाई हैं। फिलहाल सिंगल ट्रैक है। चौथी लाइन का प्रस्ताव होने पर दूसरा ट्रैक भी डाला जाएगा। सुरंगों में से ट्रेनें 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी।

ये ट्रैक नई दिल्ली-मुंबई-चेन्नई मार्ग पर पड़ता हैं। इसमें कट एंड कवर टेक्नीक का प्रयोग किया गया है। इटारसी से भोपाल की ओर जाने वाली ट्रेनें इस सुरक्षा वाली कॉन्क्रीट की टनल से गुजरेंगी। तीन सुरंगों का काम अंतिम चरण में है। अफसरों का दावा है कि इस साल के अंत तक ट्रैक का काम पूरा कर लिया जाएगा।

26.5 किमी के ट्रैक पर दो दिन पहले लोको (इंजन) का पहला ट्रायल किया गया। करीब 50 किमी की रफ्तार से सिंगल लोको इस पर दौड़ा। दो बार लोको ट्रायल के बाद कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीएसआर) इसकी सेफ्टी और गुणवत्ता को परखेंगे। सीएसआर की हरी झंडी के बाद इन सुरंगों से ट्रेनें दौड़ना शुरू हो जाएगा।

टनल नंबर 5 के अंदर ट्रैक और ओएचई लाइन बिछ चुकी है। टनल की इतनी चौड़ाई है कि डबल ट्रैक बिछ सकते हैं। टनल के 100 मीटर अंदर कर्व है।

वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ 2 मीटर ऊंची बाउंड्री (फेंसिंग) बनाई जा रही है। टनल के आसपास छोटे-छोटे डैम बनाए गए हैं, जिससे वन्य प्राणी पानी पी सकेंगे। आरबीएनएल (रेल विकास निगम) की देखरेख में आंध्र प्रदेश की मैक्स इंफ्रा लिमिटेड कंपनी ने सुरंगों का निर्माण किया है।

### पश्चिम-मध्य रेलवे जोन में डबल ट्रैक वाली पहली सुरंगें

टनल 4 और टनल 5 मध्यप्रदेश की पहली सुरंग है, जिसमें से एक साथ दो ट्रेनें निकल सकेंगी। पश्चिम मध्य रेलवे जोन में डबल ट्रैक वाली पहली सुरंग हैं। इन्हें भविष्य के हिसाब से निर्माण किया गया है। अगर चौथी लाइन डालने की प्लानिंग होती है, तो आसानी से अतिरिक्त ट्रैक डल जाएगा। अभी तक जो भी सुरंगें बनीं, वो केवल सिंगल ट्रैक वाली है।

### सुरंग में इछळ तकनीकी ट्रैक का उपयोग

सुरंगों में बीएलटी (ब्लास्ट लैस ट्रैक) तकनीकी से डबल ट्रैक (लाइन) डाली गई है। टनल में स्लीपाट भी नहीं लगाए गए हैं। कॉन्क्रीट के फ्लोर पर ही ट्रैक डाले गए हैं। ऐसा ट्रैक अमूमन प्लेटफार्म पर रहते हैं। आमतौर पर रेलवे ऐसे बड़े क्रॉस-सेक्शन की सुरंगों का निर्माण नहीं करता। 534 मीटर करवेचर में घोड़े की नाल के आकार की सुरंग है।

# कमलनाथ अब पंडित प्रदीप मिश्रा से कथा कराएंगे

◆ पहले करवाई पं. धीरेंद्र शास्त्री से रामकथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश कांग्रेस अब भाजपा की तर्ज पर हिंदुत्व कार्ड खेलने में पीछे नहीं है। पीसीसी चीफ कमलनाथ छिंदवाड़ा में अब पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा करवा रहे हैं। सिमरिया हनुमान मंदिर में 42 एकड़ मैदान में 5 से 9 सितंबर तक कथा आयोजित की जाएगी। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है। इससे पहले, 5 से 7 अगस्त तक कमलनाथ ने सिमरिया में ही पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की रामकथा का आयोजन करवाया था। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जामसांवली के हनुमान मंदिर में 314 करोड़ से हनुमान लोक बनाने की घोषणा की थी।**

मारुति नंदन सेवा समिति के संयोजक आनंद बख्शी ने बताया कि कथा का समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक रहेगा। कथा स्थल से कुछ दूर हैलीपेड भी बनाया गया है। नागपुर रोड स्थित जिस लॉन में पंडित धीरेंद्र शास्त्री रुके थे, उसी लॉन में कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी टीम के साथ ठहरेंगे।

सिमरिया हनुमान मंदिर पर कथा आयोजित की जा रही है। यहां विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। यहां जेसीबी की मदद से काम किया जा रहा है।



### विशेष विमान से पहुंचेंगे पंडित प्रदीप मिश्रा

कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति का रोडमैप तैयार है। एक दिन पहले यानी 4 सितंबर की सुबह पंडित प्रदीप मिश्रा विशेष विमान से पीसीसी चीफ कमलनाथ के साथ छिंदवाड़ा पहुचेंगे। यहां सांसद नकुलनाथ उनकी अगवानी करेंगे। दोपहर 3 बजे से वे खुली जीप में नगर भ्रमण करेंगे। इस दौरान कई जगह उनका स्वागत भी किया जाएगा। सांसद नकुलनाथ भी राजीव गांधी भवन के सामने स्वागत करेंगे।

### 42 एकड़ के विशाल मैदान में व्यवस्था-

कथा के लिए करीब ढाई लाख वर्गफीट में तीन वाटर प्रूफ पंडाल बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को बैठने के लिए लकड़ी प्लाई वाली फ्लोरिंग लगाई गई है। इसके अलावा, एक लाख वर्ग फीट में फ्लोरिंग रहेगी, ताकि बैठने में परेशानी ना आए।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सतना दौरा रद्द

◆ अब नड्डा आएंगे, जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखवाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का सतना दौरा निरस्त हो गया है। शाह मप्र में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्राओं को हरी झंडी तो दिखाएंगे लेकिन सतना नहीं आएंगे। उनके बजाय अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सतना आएंगे और प्रथम चरण की जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रदेश भर में भाजपा और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिना कर नब्ज टटोलने के लिहाज से शुरू की जा रहीं जन आशीर्वाद यात्राओं के पहले चरण की शुरूआत तो सतना जिले के चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के मझगवां से ही होगी लेकिन अब इस यात्रा को हरी झंडी दिखाने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सतना नहीं आएंगे। जन आशीर्वाद यात्राओं के संशोधित शड्यूल के अनुसार अब 3 सितंबर को प्रथम चरण की यात्रा को चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में मिचुकरिन मझगवां में हरी झंडी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा दिखाएंगे। इस दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहेंगे। पहले के कार्यक्रम अनुसार प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्राओं की शुरूआत गृह मंत्री शाह को ही करनी थी लेकिन अब शुरूआत नड्डा करेंगे और शाह 5 सितंबर को मंडला जाएंगे। वे 5 सितंबर को ही श्योपुर में भी यात्रा क्रमांक 5 में शामिल होंगे। नए शेड्यूल अनुसार यात्रा क्रमांक 3 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 6 सितंबर को खंडवा में हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 4 सितंबर को यात्रा क्रमांक 4 में शामिल होने नीमच पहुंचेंगे।

# ट्रेलर ने 2 बाइकों में सवार 5 लोगों को रौंदा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, रीवा**। रीवा जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत किटवरिया में तेज रफ्तार ट्रेलर ने दो बाइकों में सवार पांच लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में बैंड बजाकर लौट रहे 2 बजगीरों की मौत हो गई। वहीं तीन गंभीर रूप से घायल है। पुलिस का कहना है कि पांचों बजगीर मंगलवार-बुधवार की रात इटहा गांव में बरहौ संस्कार का बैंड बजाने गए थे। देर रात नाच गाना खत्म होने के बाद भोजन कर अपने-अपने घर लौट रहे थे। वह रात में नेशनल हाइवे-30 के रास्ते विश्वविद्यालय की ओर से चोरहटा की तरफ गुजरे। तभी बीहर नदी के आगे कालिका ढाबा के पास सतना की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने सामने से ठोकर मारकर कुचल दिया।

# चुनाव आयोग लेगा एसडीएम तहसीलदार की परीक्षा

**भोपाल**। आगामी विधानसभा चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी की भूमिका में रहने वाले एसडीएम और तहसीलदार को चुनाव आयोग की परीक्षा पास करना होगी। आयोग द्वारा इसके लिए अगले महीने 15 सितंबर को सर्टिफिकेशन एग्जाम लिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राज ने बताया कि इस एग्जाम में 500 से अधिक अधिकारियों को परीक्षा देना होगी और उन्हें आयोग द्वारा तय न्यूनतम उत्तीर्ण अंक प्राप्त करने होंगे। प्रदेश में 3 साल से अधिक समय से पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर और तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना के बाद चुनाव आयोग ने चुनावी व्यवस्था में कसावट की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची का काम फाइनल होने के बाद आयोग ने सब डिवीजन में एसडीएम की भूमिका निभा रहे सभी राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों और तहसीलों में पदस्थ तहसीलदारों की परीक्षा लेने का फैसला किया है।



# संपादकीय

## आंकड़े न हों तो किसी निष्कर्ष पर पहुंचना आसान नहीं

भारत से पहले अमेरिका, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र बाईस बार अपने यान सूर्य मिशन पर भेज चुके हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजंसी नासा अकेले चौदह बार अपने यान भेज चुका है। उन अध्ययनों से सूर्य को लेकर काफी कुछ बातें पता चल चुकी हैं, मगर अंतरिक्ष अध्ययन में जब तक अपने जुटाए आंकड़े न हों तो किसी निष्कर्ष पर पहुंचना आसान नहीं होता। पहले ही उपग्रह प्रक्षेपण के मामले में भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक भरोसेमंद और किफायती तंत्र विकसित कर चुका है। दुनिया के बहुत सारे देश भारतीय प्रक्षेपण केंद्रों से अपने उपग्रह स्थापित कराने का प्रयास करते देखे जाते हैं। चंद्रयान तृतीय का प्रक्षेपण करके उसने यह भी साबित कर दिया कि वह न केवल बहुत कम लागत पर अंतरिक्ष यान तैयार कर सकता, बल्कि उसे कामयाब भी बना सकता है। ऐसे में स्वाभाविक ही आदित्य-एल1 पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। सूर्य की सतह का अध्ययन सौरमंडल के दूसरे ग्रहों की अपेक्षा इसलिए कठिन माना जाता है कि वह जलती हुई गैसों का गोला है और उसके तापमान को सहन कर सकने लायक कोई धातु विकसित करना चुनौती है। मगर अत्याधुनिक दूरबीनों और तरंगमापी यंत्रों की मदद से उसकी हलचलों का अध्ययन करना कोई मुश्किल काम नहीं है। आदित्य-एल1 को ऐसे सात यंत्रों से लैस किया गया है। यह उस बिंदु के आसपास रह कर सूर्य की हलचलों पर नजर रखेगा, जहां सूर्य और पृथ्वी के बीच गुरुत्वाकर्षण और प्रतिकर्षण बल पैदा होता है। दरअसल, सूर्य का अध्ययन इसलिए भी जरूरी लगता रहा है कि सौरमंडल का यही ऐसा ग्रह है, जिसका पृथ्वी के जीवन-जगत पर सीधा प्रभाव पड़ता है। अगर सूर्य पर कोई हलचल होती है, तो उसका स्पष्ट प्रभाव पृथ्वी पर दिखने लगता है। इसलिए अब जिस तरह पृथ्वी पर जलवायु परिवर्तन का संकट गहरा होता जा रहा है, उसमें सूर्य पर हो रही गतिविधियों का अध्ययन बहुत जरूरी हो गया है। पराबैंगनी किरणों, ओजोन परत पर सूर्य की किरणों के प्रभाव आदि की गहन जानकारी जुटाना अनिवार्य हो गया है। हालांकि पृथ्वी पर सूर्य के प्रभाव को लेकर अध्ययन हजारों वर्षों से होता आ रहा है, मगर अब उस पर हो रही हलचलों और अंतरिक्ष में आ रहे असंतुलन की वजह से पृथ्वी पर जीवन के लिए बड़े संकट की आशंका जताई जाने लगी है।

**Quote...**

"It is during our darkest moments that we must focus to see the light."
-Aristotle



सत्य-प्रेम-करुणा...

*एक जिज्ञासा...क्या मौन प्रसाद है ?....*
*हां... मौन प्रसाद है... मौन किसीकी कृपा है... दोनों अर्थ में... हम यदि मौन रह सकें तो समझना किसी की कृपा है... और दूसरा... मौन प्रसाद है... एक ऐसी करुणा... एक ऐसा प्रसाद... एक ऐसी कृपा... जो चुप होती है... आवाज नहीं होत... हमें पता भी ना लगे ऐसे कोई करुणा कर रहा है... बोल बोलकर नहीं... पता भी ना लगे और किसीकी मौन कृपा... मौन प्रसाद हम पर काम करता है...*
*।। रामकथा।। मानस मौन।।*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

### हरछठ का व्रत 5 सितंबर को

# महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र की करती हैं कामना

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी, हरछठ का व्रत है, इस साल हरछठ का व्रत 5 सितंबर को रखा जाएगा। यह व्रत महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र की कामना के लिए करती हैं। इसे ललही छठ व्रत भी कहते हैं। कई जगह इस दिन छठी माता का पूजन तो कई जगह पूजन स्थल को गोबर से लीप कर गौरी-गणेश की स्थापना की जाती है। इसके बाद कथा सुनकर सभी महिलाएं संतान की दीघायु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस व्रत में हल से जुता हुआ नहीं खाया जाता है। फलाहार कर सकते हैं। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि की शुरुआत 4 सितंबर 2023 को शाम 04 बजकर 41 मिनट पर हो रही है। इसका समापन अगले दिन 5 सितंबर 2023 को दोपहर 03 बजकर 46 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए इस साल हलषष्ठी 5 सितंबर 2023 को है।



# इस लकड़ी के फर्नीचर से घर का वातावरण रहता है शांत और समृद्ध

"घर में यदि वस्तुएं वास्तु अनुसार सुसज्जित न हों तो वास्तु और ग्रह रश्मियों की विषमता के कारण घर में क्लेश, अशांति का जन्म होता है। घर के बाहर की साज-सज्जा बाहरी लोगों को एवं आंतरिक श्रृंगार हमारे अंत:करण को सौंदर्य प्रदान करता है, जिससे सुख-शांति, सौम्यता प्राप्त होती है।"

- घर की आंतरिक सुंदरता में फर्नीचर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। घर में फर्नीचर बनवाने के लिए बहेड़ा, पीपल, वट वृक्ष, पाकर, कैथ, करंज, गूलर आदि लकड़ियो का प्रयोग न करें। ऐसा करने पर सुख का नाश होता है।
- फर्नीचर में शीशम, महुआ, अर्जुन, बबूल, खैर, नागकेसर वृक्ष की लकड़ी काम में ले सकते हैं। इन लकड़ियों के फर्नीचर से घर का वातावरण शांत और समृद्धि बढ़ाने वाला बना रहता है।
- पलंग के सिरहाने पर अशुभ आकृति न हो इसका ध्यान रखें, जैसे सिंह, गिद्ध, बाज या अन्य हिंसक पशु। ऐसा होने पर वह मानसिक विकार उत्पन्न करती है, जो कलह का कारण होता है।
- लिविंग रूम और ड्राइंग रूम में अधिक फर्नीचर न रखें। इससे नकारात्मकता बढ़ती है, सकारात्मक ऊर्जा बंध जाती है। परिवार में मानसिक परेशानी बनी रहती है।
- घर की उत्तर या पूर्व दिशा में हल्का फर्नीचर रखें। भारी सामान या फर्नीचर दक्षिण दिशा में रखें।



## Highlights

1. Kolkata college students made to sign affidavit reading 'I won't wear torn jeans'
2. India viewed favourably by 66% Britons, 51% Americans: Pew survey
3. K'taka farmers protest overnight over release of Cauvery water
4. Posters asking people to leave seen in Muslim-majority Gurugram slum, case filed
5. 18-year-old man arrested after Amazon manager shot dead in Delhi

# Adani Group rejects 'hidden foreign investors' allegations: 'Soros-funded...'

**MUMBAI, (Agency).** The Adani Group rejected the allegations of hidden foreign investors levelled by OCCRP, funded by George Soros, and called them recycled allegations which are 'another concerted bid by Soros-funded interests supported by a section of the foreign media to revive the meritless Hindenburg report'. In a detailed media statement, in which the group categorically denied the allegations, it said that these claims are based on closed cases from a decade ago when the Directorate of Revenue Intelligence (DRI) probed allegations of over invoicing, transfer of funds abroad, related party transactions and investments through FPIs.

Here is the full statement issued by the Adani Group

We categorically reject these recycled allegations. These news reports




appear to be yet another concerted bid by Soros-funded interests supported by a section of the foreign media to revive the meritless Hindenburg report. In fact, this was anticipated, as was reported by the media last week.


These claims are based on closed cases from a decade ago when the Directorate of Revenue Intelligence (DRI) probed allegations of over invoicing, transfer of funds abroad, related party transactions and investments through FPIs. An independent adjudicating authority and an appellate tribunal had both confirmed that there was no over-valuation and that the transactions were in accordance with applicable law. The matter attained finality in March 2023 when the Hon'ble Supreme Court of India ruled in our favour. Clearly, since there was no overvaluation, there is no relevance or foundation for these allegations on transfer of funds.

Notably, these FPIs are already part of the investigation by the Securities and Exchange Board of India (SEBI). As per the Expert Committee appointed by the Hon'ble Supreme Court, there is no evidence of any breach of the Minimum Public Shareholding (MPS) requirements or manipulation of stock prices.

# Google Search generative AI experiment underway in India, with trigger failsafe

**NEW DEIHI, (Agency).** There has been a consistent convergence of generative artificial intelligence (AI) and web searches, with chatbots playing hosts. Yet, traditional search engines as we know them, held on to convention. That's now changing, as the next chapter of generative AI evolution sees Google launching the Search Generative Experience (SGE) for Google Search, for users in India. For the sake of simplification, this is what it means – you no longer need to open a chatbot such as Google Bard if a layer of generative AI is what you want with your search experience; Google Search will now have its own generative AI layer.

For now, the Search Generative Experience



(SGE) remains an opt-in for Google Search users, the toggle a part of the Search Labs suite of experimental products. You can still choose to retain the traditional Google Search experience, for the duration it lasts. This will be able to process queries, and respond in English and Hindi. There are certain conditions you'll need to meet, before the SGE toggle is available – you either need to use Google Search on the Chrome web browser, or use the updated Google app on an Android device, or an iPhone or iPad.

Google Search with SGE enabled will visually be quite different from conventional search. "Normally, you might break one question down into smaller ones, sort through the vast information available and start to piece things together yourself. With generative AI search can do some of that heavy lifting for you," says Puneesh Kumar, General Manager of Google Search for India, in a briefing of which HT was a part.

Jammu Kashmir

# रामबन की अस्थायी झोपड़ियों में लगी आग, मां और दो बेटियों की जलकर मौत, दो लोग झुलसे

**जम्मू, (एजेंसी) बुधवार देर शाम हथौड़ा ढोक में आग लगने की एक घटना में तीन लोगों (एक मां और उसकी दो बेटियां) की जलकर मौत हो गई। वहीं एक महिला समेत दो लोग झुलस गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम रामबन जिले के उखराल तहसील के पंचायत बिंगरा के हामेर गली, ढोक में अस्थायी झोपड़ियों के एक समूह में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।**



एसएसपी रामबन मोहिता शर्मा ने कहा कि बिंगारा गांव में हामेर ढोक में तीन अस्थायी झोपड़ियों में आग लग गई है। तीन लोगों की मौत हो गई है और दो को गंभीर हालत में पीएचसी उखराल में स्थानांतरित किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि इस अग्निकांड में मृतका का पति इब्राहिम (35) पुत्र बोबिया और एक महिला मिर्जा बेगम (55) पत्नी नूरानी गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। गर्मी के मौसम में मवेशियों को भी चराने के लिए यह लोग पहाड़ों पर अस्थायी घर बनाते हैं जिनको ढोक कहा जाता है।

एसपी ने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची है। रामबन के उपायुक्त मुसरत इस्लाम ने कहा कि बिंगरा पंचायत के हामेर गली में आग ने तीन लोगों की जान ले ली। उन्होंने कहा कि पीएचसी उखराल से एक मेडिकल टीम मौके पर पहुंच गई है। मृतक की पहचान नजमा 25 और उसकी दो नाबालिग बेटियां अस्मा बानो 6 और इक्रा बानो के रूप में की है।

New Delhi

## आपस में भिड़े शादी में आए मेहमान, एक दूसरे पर फेंकीं कुर्सियां, बरसाए डंडे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सोशल मीडिया पर एक शादी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें लोग एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकते हुए नजर आ रहे हैं. बताया जा रहा है कि झगड़ा खाने को लेकर हुआ था. लोगों ने एक दूसरे पर लात घूंसों के साथ साथ डंडे भी बरसाए. मामला ब्रिटेन के बोलटन में स्थित रीजेंट हॉल का बताया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक घटना 24 अगस्त को हुई थी. इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. सबसे पहले वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया. बाद में ये दूसरे सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर भी वायरल हो गया.

डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो के शुरुआत में देखा जा सकता है कि एक शादी समारोह चल रहा है. लोग टेबल पर रखे खाने को खा रहे हैं. तभी एक शख्स आता है और खाना खा रहे शख्स को पीछे से मारता है. पिटने वाला शख्स खड़ा होता है और पलटवार करता है. इसके बाद और भी कई लोग आपस में लड़ने लगते हैं. लड़ाई इतनी बढ़ जाती है कि लोग कुर्सी और डंडे से एक दूसरे को मारते हैं. बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई. जिसने एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया. लेकिन उसे बाद में जमानत मिल गई.

Uttarpradesh

## पति पर जिन्न साया बताकर तांत्रिक ने शिक्षिका का किया रेप, बनाया अश्लील वीडियो

**मेरठ, (एजेंसी)** यूपी के मेरठ में तांत्रिक द्वारा प्राइमरी स्कूल की एक शिक्षिका के साथ रेप किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी महिला की वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की डिमांड कर रहा था। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर तांत्रिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इंचौली कस्बा निवासी एक महिला वर्तमान में प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका हैं। महिला ने इंचौली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दस साल पूर्व इंचौली के एक मदरसे में शिक्षिका के पद पर कार्य कर रही थी। इस दौरान मदरसे में उसकी मुलाकात श्याम नगर लिसाड़ी गेट निवासी हाफिज शहीद से हुई। महिला ने बताया कि उसके पति की तबियत खराब होने पर जब वह तांत्रिक के पास गई तो उसने बताया कि तुम्हारे पति पर जिन्न का साया है।

Maharashtra

## जमीन से निकले सफेद और काले पत्थर से बने शिवलिंग...लोगों ने शुरू की पूजा

**चंद्रपुर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में खुदाई के दौरान दो शिवलिंग मिले हैं. इस शिवलिंग के 18वीं सदी के होने की बात कही जा रही है. दोनों ही शिवलिंग के रंग अलग-अलग हैं. वहीं, सावन महीने में शिवलिंग मिलने के कारण इलाके में खुशी की लहर फैली हुई है. लोग इन शिवलिंगों के मिलने को बहुत ही शुभ मान रहे हैं. विशेषज्ञों के मुताबिक, खुदाई में मिले शिवलिंग भोसले कालीन हैं.

दरअसल, मामला चंद्रपुर जिले के चीमूर तहसील में स्थित नेरी गांव का है. 30 अगस्त को नेरी गांव के प्रसिद्ध शिव मंदिर के पास खुदाई का काम चल रहा था. इसी दौरान दो शिवलिंग मिले. जिसमें एक काले पत्थर का और दूसरा सफेद पत्थर से बना हुआ है. श्रावण मास में खुदाई के दौरान शिवलिंग मिलने से गांव के लोगों में उत्साह का वातावरण है. सावन मास में शिवलिंग मिलने से इसका महत्व बढ़ गया है और लोगों ने शिवलिंग की पूजा पाठ भी शुरू कर दिया है. इतिहास के जानकर अशोक सिंह ठाकुर ने बताया कि खुदाई के दौरान मिले यह दोनों शिवलिंग 18वें सदी के मराठा कालीन शिवलिंग है. इसका निर्माण भोसले के शासनकाल के दौरान हुआ होगा. यानी यह 18वीं शताब्दी के शिवलिंग हैं. नेरी गांव का शिव मंदिर भी प्रसिद्ध है. अशोक ठाकुर आगे कहते हैं कि उस समय के भक्तों ने कुछ मन्नतें मांगी होंगी और उनकी मनोकामना पूरी होने पर उन्होंने इस शिवलिंग का निर्माण कर उसे समर्पित किया होगा.

खेल

# पाकिस्तान के खिलाफ छह साल से वनडे में नहीं हारा भारत, ऐसा है एशिया कप में रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एशिया कप का आगाज बुधवार (30 अगस्त) को हो गया। इस टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला दो सितंबर को पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें चार साल बाद वनडे में आमने-सामने होंगी। पिछली बार 2019 विश्व कप के दौरान मैनचेस्टर में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को हराया था। एशिया कप भारतीय टीम के लिए विश्व कप की तैयारियों का आखिरी मौका है। ऐसे में वह पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को हराकर टूर्नामेंट में बेहतरीन शुरुआत करना चाहेगी।






भारत वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ छह साल से नहीं हारा है। उसे पिछली बार 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शिकस्त मिली थी। उसके बाद भारत ने एशिया कप 2018 में पाकिस्तान को दो बार और विश्व कप 2019 में एक बार हराया है। पिछले 10 मुकाबलों की अगर बात करें तो भारत को सात में जीत मिली है। पाकिस्तान ने तीन मैचों को अपने नाम किया है। भारत वनडे एशिया कप में पाकिस्तान से पिछली बार 2014 में हारा था।

वनडे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान 13 बार एक-दूसरे से भिड़ चुके हैं। भारत ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पर थोड़ी बढ़त बना रखी है। उसने 13 में से सात मैच में जीत हासिल की है, जबकि पाकिस्तान को पांच जीत मिली है। एक मैच बेनतीजा रहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक 132 वनडे मैच खेले गए हैं। इस दौरान पाकिस्तान ने 73 मैच अपने नाम किए हैं। भारत को 55 मुकाबलों में ही जीत मिली है। चार मैचों में कोई नतीजा नहीं आया।

### एशिया कप के लिए दोनों टीमें

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा। बैकअपः संजू सैमसन।

**पाकिस्तानः** अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, इमाम-उल-हक, बाबर आजम (कप्तान), सलमान अली आगा, इफ्तिखार अहमद, तैयब ताहिर, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हारिस, शादाब खान (उपकप्तान), मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन अफरीदी।

सिनेमा

## जाह्नवी कपूर ने गुपचुप की रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया संग सगाई? जानें सच्चाई

बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अक्सर चर्चा में रहती हैं। जाह्नवी कपूर कभी उनकी फिल्मों की वजह से खबरों में रहती हैं तो कभी उनके फोटोज-वीडियोज वायरल होते हैं। जाह्नवी कपूर की लव लाइफ भी कई बार सुर्खियों में रही है और इस बार बात एक कदम और आगे बढ़ गई। जाह्नवी कपूर के बारे में कहा जा रहा है कि गुपचुप तरीके से उन्होंने रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया संग सगाई कर ली है।



दरअसल हाल ही में जाह्नव कपूर, तिरुपति मंदिर के दर्शन के पहुंची थीं। इस दौरान एक्ट्रेस संग उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया भी मौजूद थे। जाह्नवी कपूर ने पर्पल और सिल्वर कलर की साड़ी पहनी हुई थी और इसके साथ ही उन्होंने पर्ल इयर रिंग्स कैरी किए थे। वहीं जाह्नवी कपूर ने इस दौरान रिंग फिंगर में डायमंड रिंग पहनी थी। वहीं शिखर पहाड़िया, ट्रेडिशनल व्हाइट वेष्टि और अंगवस्त्र में दिखाई दिए।

जाह्नवी और शिखर के फोटोज वीडियो कुछ ही वक्त में वायरल हुए और कहा जाने लगा कि उन्होंने सगाई कर ली है। जाह्नवी की डायमंड रिंग के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने यही अंदाजा लगाया। हालांकि ये सब फेक न्यूज है। 'सियासत.कॉम' ने एक सूत्र के हवाले से इन सब को पूरी तरह से बेबुनियाद बताया है। याद दिला दें कि इससे पहले भी शिखर संग जाह्नवी कपूर कई बार नजर आ चुकी हैं।

# पत्नी करती थी आए दिन विवाद, पति ने दे दी जान

## जांच के बाद महिला पर प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अक्सर सुनने और देखने में आता है कि पति की प्रताडऩा से तंग आकर पत्नी जान दे देती है, लेकिन एरोड्रम इलाके में पति ने पत्नी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसकी पत्नी पर केस दर्ज किया है। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतक की पत्नी आए दिन विवाद करती थी, जिसके चलते वह परेशान रहता था।**

पुलिस के मुताबिक विकास नगर छोटा बागंडदा रोड पर रहने वाले 35 वर्षीय शैलेन्द्र पिता फकीरचंद परिहार ने गत 22 अगस्त को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। जांच के बाद मृतक की पत्नी आऱती परिहार निवासी नर्मदा नगर (कॉलोनी) कन्नौद के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर लिया गया। जांच में पाया गया कि शैलेन्द्र परिहार की पत्नी आरती आए दिन उससे विवाद करती थी। इसके कारण वह पत्नी मानसिक रूप से बहुत परेशान रहता था।

### यहां पत्नी की खुदकुशी में पति पर केस

उधर, खजराना इलाके में एक महिला की फांसी लगाने से मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति पर केस दर्ज कर लिया। थापुलिस ने बताया कि गत 14 अगस्त को बाबा मनसब नगर खजराना निवासी अंकिता उर्फ अकी पति कुलदीप हवेलिया (23) ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर थी। जांच के बाद मृतका के पति कुलदीप हवेलिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मर्ग जांच में पता चला कि मृतका नवविवाहिता थी और आरोपी पति उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। इससे तंग आकर उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

# मजूदरी की आड़ में करते थे लूट की वारदातें

◆ दो शातिर बदमाश पकड़ाए, लूटे गए मोबाइल और बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस ने लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पकडक़र इनके पास से लूटे गए मोबाइल और बाइक बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे मजदूरी की आड़ में लूट की वारदातें करते थे।

एडि. डीसीपी जोन 2 अमरेन्द्रसिंह के अनुसार मुखबिर की सूचना पर एमआईजी थाने की टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्त में लिया है। इनके कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। आरोपियों के नाम विक्रम पिता मनोहर सोलंकी निवसी खातेगांव और विशाल पिता मिश्रीलाल धनगर निवासी बड़वाह है। दोनों शहर की एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं और वहीं रहते हैं। पुलिस आरोपियों से और पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि इनसे पूछताछ में लूट की अन्य वारदातों का भी पता चल सकेगा।

# निगम कर्मचारी की पत्नी पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में रहने वाले नगर निगम के एक कर्मचारी ने अपनी पत्नी से प्रताड़ित होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुजुर्ग माता-पिता के बयान लिए हैं। माता-पिता ने आरोप लगाया कि बहू लगातार उनसे अलग होने का दबाव बना रही थी। निगमकर्मी बेटा उनसे अलग नहीं होना चाहता था। इसके चलते उसने जान दे दी। करीब कई माह चली जांच में पुलिस ने पत्नी पर पति को प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज किया है।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक शैलेन्द्र पुत्र फकीरचंद के सुसाइड के मामले में उसकी पत्नी आरती परिहार निवासी नर्मदा कॉलोनी कन्नौद के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरती आए दिन विवाद करती थी। इससे परेशान होकर शैलेन्द्र ने अपनी जान दे दी।

### माता-पिता से अलग नहीं होना वजह

पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि शैलेंद्र नगर निगम में कर्मचारी था। वह उसके माता-पिता का इकलौता बेटा था। पत्नी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है। वह लगातार माता-पिता को छोडक़र अलग रहने की बात करती। इसके कारण शैलेन्द्र डिप्रेशन में रहा। कुछ दिन पहले शैलेन्द्र के परिजन डीसीपी से भी मिले और पूरे मामले की जानकारी दी।

# 8साल से फरार आरोपी गिरफ्त में

## खानाबदोश बनकर काट रहा था फरारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** करीब आठ साल से फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह खानाबदोश बनकर फरारी काट रहा थ। पकड़ाया आरोपी पुलिस से बचने के लिए अलग-अलग स्थानों पर रह रहा था। एडि.डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि परदेशीपुरा थाना प्रभारी पंकज द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 8 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सूरज पिता अशोक निवासी रुस्तम का बगीचा को गिरफ्तार किया। आरोपी की उक्त पते से करीब 8 साल से नहीं रह रहा था और कहीं गुमनामी का जीवन जी रहा था, उसे तलाश कर रात के अंधेरे में पकड़ा। सूरज के खिलाफ 2015 में धारा धारा 294 323 506 324 34 भादवी का मामला दर्ज हुआ था। जिसमें वह जमानत कराने के बाद से फरार चल रहा था।

# ढाई साल का बच्चा लापता, पुलिस ने एक घंटे में खोज निकाला

◆ राखी मनाने आई महिला के साथ आया था बेटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राखी का पर्व मनाने के लिए मां के साथ आया ढाई साल का मासूम बालक लापता हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। बाणगंगा पुलिस ने एक घंटे में बालक को ढूंढ निकाला और उसे परिवार को सौंप दिया।**

थाना प्रभारी बाणगंगा टीआई नीरज बिरथरे के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 12 बजे भागीरथपुरा निवासी महिला ने बताया कि कि उसका ढाई साल लडक़ा जो कुछ बोल नहीं पाता है। भवानी नगर में परिवार में राखी का त्यौहार मनाने के दौरान गुम हो गया और खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहा है। इस पर तत्काल पुलिस टीम रवाना की गई, जिसने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बालक को उसी क्षेत्र से एक घंटे में दस्तयाब कर लिया। सकुशल बालक मिलने पर उसके परिजनों द्वारा पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

# शराब दुकान के बाहर कर्मचारी पर हमला, चार दिन बाद मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जीएनटी इलाके की शराब दुकान पर शराब पीने गए एक टिंबर फैक्ट्री के कर्मचारी पर चार से पांच लोगों ने हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में घायल युवक को पुलिस व अन्य लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चार दिन बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

छत्रीपुरा इलाके में आने वाली देशी शराब की दुकान पर शनिवार रात मुकेश (40) पुत्र नंदूपाल निवासी गड़रिया मोहल्ला पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। गंभीर हालत में काफी देर तक वह सडक़ पर पड़ा रहा। बाद में उसे उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा। यहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पहले मारपीट का मामला दर्ज किया है। अब मुकेश के शव का एमवाय में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

**शराब पीने गया था-** मुकेश के पिता नंदूपाल ने बताया कि वह टिंबर फेक्ट्री में काम करता था। वह शनिवार को वहां शराब पीने गया। इसी दौरान पहले से शराब पी रहे लोगों का उससे विवाद हुआ। जिसके बाद उस पर हमला किया गया। हालांकि छत्रीपुरा पुलिस शराब दुकान में फुटेज देखने की बात कर रही है। इसके बाद ही हमलावरों की जानकारी सामने आ पाएगी।

# क्राइम ब्रांच ने ग्राहक बनकर पकड़े शातिर चोर

## सस्ते में लैपटाप बेचने की फिराक में थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। क्राइम ब्रांच की टीम ग्राहक बनकर शातिर चोरों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटाप बरामद किए हैं। आरोपी होस्टल को निशाना बनाते थे। गैंग का मास्टरमाइंड फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भंवरकुआं इलाके में दो लड़के सस्ते दामों में लैपटाप बेचने के लिए घूम रहे हैं जिस पर टीम ने घेराबंदी कर मंगल पिता सुनंदर कोल निवासी पालदा कांकड़ व उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने थाना भंवरकुंआ क्षेत्र स्थित रवींद्र नाथ टेगौर होस्टल से दो लेपटाप चोरी करना कबूल किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लैपटाप बरामद किए हैं। वहीं गैंग के मास्टर माइंड का नाम आरोपियों ने सुनील बताया, जिसकी तलाश की जा रही है।

sponcership
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
You Tube Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।